दैनिक जागरण 25/12/2024

युवा महोत्सव में दूसरे दिन चला एसडी कालेज के छात्रों का जादू

जागरण संवाददाता, अंबाला शहर : एमडीएसडी गर्ल्स कालेज अंबाला शहर में चल रहे क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन भी विद्यार्थियों ने जमकर धमाल मचाया। दूसरे दिन रसिया ग्रुप डांस ग्रुप, डांस जनरल सांग, इंडियन आर्केस्ट्रा, ग्रुप सांग हरियाणवी, स्किट, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो, पाप इंस्ट्रूमेंट सोलो, फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो, क्ले माडलिंग, कार्टूनिंग, कोलाज मेकिंग, संस्कृत में वाद-विवाद, सिंपोजियम सहित अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्र व छात्राओं ने अपनी कला का लोहा मनवाया।

विद्यार्थियों ने जहां मिमिक्री में दर्शकों को लोट-पोट कर दिया, वहीं वन एक्ट प्ले के जरिए झकझोरते हुए समाज के लिए सार्थक संदेश देने का काम भी किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन दोपहर के सत्र में मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शानदार आयोजन की बधाई देते हुए आयोजक कालेज के विकास के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

20 किलोमीटर के दायरे में मिल रही हर छात्रा को कालेज स्तर पर शिक्षा : विधायक असीम गोयल ने कहा कि वह शिक्षा मंत्री का स्वागत करने के लिए आए हैं। साथ ही उन्होंने कालेज की के बारे में शिक्षा मंत्री को कहा कि यह यह बहुत पुरानी सनातन धर्म की संस्था है। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह शिक्षा के क्षेत्र में जो सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं वो कराएंगे। नई नीति के बारे में बताते हुए कहा कि अब किसी भी लड़की को शिक्षा ग्रहण करने के लिए 20 किलोमीटर से के दायरे से बाहर नहीं जाना होगा। ऐसा करने के लिए उन्होंने जगह-जगह हरियाणा में विभिन्न कालेज स्थापित कराए हैं। उन्होंने धन से भी बड़ा सद्बुद्धि को बताया और हिंदी भाषा पर जोर देते हुए कहा कि हमारे सभी रीति-रिवाजों में धार्मिकता झलकती है।

यह रहे परिणाम: सोलो डांस हरियाणवी फीमेल में डीएवी कालेज अंबाला सिटी ने प्रथम व एसडी कालेज ने अंबाला कैंट ने सोलो डांस हरियाणवी मेल, ग्रुप सांग जनरल, माइन लाइट व लाइट वोकल इंडियन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीएमएन कालेज अंबाला कैंट ने क्लासिकल वोकल सोलो में प्रथम व माइम और लाइट वोकल इंडियन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत ड्रामा में डीएवी कालेज अंबाला सिटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस हरियाणवी फीमेल में एमडीएसडी कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोप सांग हरियाणवी में एसए जैन कालेज प्रथम स्थान पर रहा। एसडी कालेज अंबाला कैंट ग्रुप सांग जनरल में प्रथम, क्लासिकल वोकल सोलो में द्वितीय स्थान पर रहा।

युवा फेस्टिवल के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए कलाकार। • जागरण

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर, विधायक असीम गोयल व अन्य।

क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट में पहला स्थान एआइएमटी अंबाला को

क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में एआइएमटी अंबाला सिटी प्रथम स्थान पर रहा व एमडीएसडी गर्ल्स कालेज द्वितीय स्थान पर रहा। रसिया में आरजीजी साहा प्रथम व आर्य गर्ल्स कालेज अंबाला कैंट द्वितीय स्थान पर रहा। हरियाणवी ग्रुप में आर्य गर्ल्स कालेज, अंबाला कैंट प्रथम स्थान पर रहा और एआइएमटी अंबाला सिटी द्वितीय स्थान पर रहा। कोलाज में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, नारायणगढ़ प्रथम स्थान पर व गवर्नमेंट पीजी कालेज अंबाला कैंट द्वितीय स्थान पर रहा। कार्टूनिंग में गवर्नमेंट पीजी कालेज अंबाला कैंट प्रथम रहा व एसएमएस खालसा द्वितीय रहे। क्ले माडलिंग में गवर्नमेंट पीजी कालेज अंबाला कैंट पहले व एसएमएस खालसा कालेज दूसरे स्थान पर रहे।